कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल

## //निविदा सूचना//

क्रमांक जी.बी. 5 (वि–1) 18–19/1759 भोपाल, दिनांक 29/06/2018

आई.टी. विभाग की वेबसाइट https//mpeproc.gov. in शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर रीवा की वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 में एकत्रित कागज की रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके के विक्रय हेतु ऑनलाईन ई–निविदा दिनांक 13.7.2018 को अपरान्ह 12.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्ड कापी एंव **परिशिष्ट "अ."** में दस्तावेजों की फर्म द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित एवं निविदा शर्तों पर फर्म की पदमुद्रा अंकित कर सहमति हस्ताक्षर सहित दिनांक 13.7.2018 को की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग दिनांक 13.7.2018 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्ड कापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा।

3 विज्ञप्ति, तकनीकी विवरण एवं शर्तों को वेबसाइट www.govtpressmp nic.in पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

4. किसी भी प्रकार संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना https//mpeproc.gov. in एवं www.govtpressmp nic.in पर उपलब्ध रहेगी।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री
म0प्र0,भोपाल। 29/6/18

## Key Dates and Times

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid Document downloading end date | : | 05:00PM on 12.07.2018 |
| 2. | Bid closing & last date & time for Submission on online Bids | : | 12:00PM on 13.07.2018 |
| 3. | Last Date & Time for Submission of Hard Copy of Bids. | : | 02:00PM on 13.07.2018 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 03:00PM on 13.07.2018 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids | : | 03:00PM on 16.07.2018 |

## तकनीकी निविदा म्रे प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों की सूची

मैं/हम मुद्रणालय इन्दौर/रीवा की रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों के कय के लिए तकनीकी निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ।

मैं/हम निविदा के नियम एवं शर्तों को मानने के लिये प्रतिबद्ध हैं। तद्नुसार मेरी/हमारी कटिबद्धता निम्नानुसार है। जिसके साथ प्रमाण भी संलग्न है :—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र राशि रूपये 500=00 की डिमान्ड ड्राफ्ट | संलग्न करना है। |
| 2 | राष्ट्रीयकृत/अनुसूची बैंक की निविदा निक्षेप (ई0एम0डी0) राशि रू 25,000/— की एफ0डी0आर0 12 माह की अवधि का। | संलग्न करना है। |
| 3 | म.प्र. वाणिज्यिक कर का टिन नम्बर एवं क्लीयरेन्स प्रमाण—पत्र वर्ष 2016—17 एवं जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर की छायाप्रति । | संलग्न करना है। |
| 4 | नियम एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप निविदाकार के हस्ताक्षर ,एवं रबर सील लगाकर प्रस्तुत करना होगा। | संलग्न करना है। |
| 5 | संस्था का पंजीयन क्रमांक (प्रमाण—पत्र की प्रति सहित)। | संलग्न करना है। |
| 6 | संस्था के मालिक का नाम प्रमाण सहित (भागीदार फर्म हो तो भागीदारों के नाम एवं पता)। | संलग्न करना है। |
| 7 | आयकर का पेन नम्बर। | संलग्न करना है। |
| 8 | रद्दी कतरन उठाने का अनुभव प्रमाण—पत्र एवं उन संस्थाओं के नाम जहाँ से रद्दी कतरन क्रय की गई है सूची संलग्न करें। | संलग्न करना है। |
| 9 | यह प्रमाण—पत्र भी संलग्न करें कि "किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा उनकी फर्म का नाम काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में नहीं डाला गया है। | संलग्न करना है। |
| 10 | संस्थान का स्थायी पता पिन नम्बर सहित दूरभाष क्रमांक सहित। | संलग्न करना है। |
| 11 | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के नाम एवं प्रमाणित नमूना हस्ताक्षर। | संलग्न करना है। |

नोट :— तकनीकी निविदा की शर्तों की पूर्ति न करने वाले निविदाकार की कामर्शियल दरें नहीं खोली जावेंगी।

## रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों की बिक्री हेतु नियम एवं शर्तें

1. शासकीय मुद्रणालय के उपयोग हेतु पेपर मिल्स से क्रय किये गये कागज से प्राप्त रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटके क्रय करने हेतु भाव पृथक–पृथक अंकित किये जावें । दरें प्रति क्विंटल आमंत्रित की जा रही हैं।
2. ई–निविदा के साथ ई0एम0डी0 के रूप में राष्ट्रीयकृत/अनुसूची बैंक का राशि रू. 25,000/– (पच्चीस हजार) की 12 माह की अवधि का एफ0डी0आर0 निम्नानुसार संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कि नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल के नाम देय हो, अन्य किसी रूप में निधि जमा करने पर निविदा पर विचार नही किया जावेगा। ई0एम0डी0 के बिना प्रस्तुत निविदाओं पर किसी हालत में विचार नहीं किया जावेगा । दरें अनुमोदित होने पर अनुमोदित दिनांक से एक वर्ष तक अनुमोदित दरें किसी भी कारण से परिवर्तित नहीं की जावेगी।
3. निविदा सीलबंद लिफाफे में जिस पर "रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों का क्रय, प्रेस का नाम, इन्दौर/ रीवा प्रेस के लिये निविदा" शब्द अंकित हो, की हार्ड कॉपी नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल को की–डेट्स अनुसार नियत समय पर जमा कराई जावे।
4. आमंत्रित निविदाएं दिनांक 13.7.2018 को दोपहर 2:00 बजे तक इस कार्यालय में पहुँचाना अनिवार्य है। निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
5. प्राप्त निविदाओं की तकनीकी निविदा दिनांक 13.7.2018 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों /अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही कामर्शियल निविदाएं दिनांक 16.7.2018 को की–डेट्स अनुसार दोपहर 3.00 बजे ऑनलाइन पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा।
6. निविदा स्वीकृत कर अनुबंध करने की सूचना भेजे जाने से सात दिवस के अंदर प्रतिभूति की राशि जमा कर अनुबंध निष्पादित न करने पर टेण्डर डिपॉजिट की राशि राजसात कर ली जायेगी एवं दूसरे नंबर के निविदाकार को अवसर देकर बकाया हानि की वसूली डिफाल्टर निविदाकार से की जावेगी। साथ ही डिफाल्टर निविदाकार को आगामी तीन वर्ष तक शासकीय मुद्रणालयों की निविदा में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा।

7. सफल निविदाकारों को निम्नानुसार प्रेस वाईज प्रतिभूति राशि (ई.एम.डी. समायोजित कर) नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में जमा कराकर 12 माह की अवधि की एफ. डी. आर. राष्ट्रीयकृत/अनुसूचि बैंक का प्रस्तुत कर एक वर्ष के लिए अनुबंध निष्पादन करना होगा,जो निम्नानुसार होगाः–

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर | 1,00,000=00 |
| 2. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 75,000=00 |

8. गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् भी निविदा शर्तों के अंतर्गत सामग्री उठाने में असफल निविदाकार/फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा विचार में नहीं ली जावेगी।

9. निविदाकार को निविदा के वर्ष 2016–17 का म0प0 वाणिज्यिक कर क्लीयरेंस प्रमाण–पत्र अथवा स्टेट/सेन्ट्रल कॉमर्शियल/सेल्स टेक्स का क्लीयरेंस प्रमाण–पत्र संलग्न प्रस्तुत करना होगा। साथ ही टिन नम्बर भी दर्शाना होगा।जी.एस.टी. पंजीयन क्रमांक की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।

10. जी.एस.टी. सहित अन्य सभी कर जमा करने का उत्तरदायित्व निविदाकार का होगा। अंकित किये गये भाव के अतिरिक्त यह नियमानुसार देना होगा।

11. रद्दी कतरन व रील कोर के खाली गुटकों के विक्रय की निविदा शर्तों अथवा प्रक्रिया के संबंध में विवाद उत्पन्न होने पर नियंत्रक का निर्णय अंतिम होगा एवं उक्त निर्णय निविदाकार को मान्य करना बंधनकारी होगा।

12. नियंत्रक को किसी भी निविदा को मान्य करने या अमान्य करने का पूर्ण अधिकार होगा जिसके लिये कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

13. सफल निविदाकार को मुद्रणालय में एकत्रित रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटकों के अनुबंध निष्पादन उपरांत प्रत्येक माह में एक या अधिक बार निर्धारित की गई तिथि पर या सूचना देने पर उपरोक्त सामग्री उठाना अनिवार्य होगा। वर्ष 2018–19 के लिए प्रत्येक माह में 4 से 6 टन रद्दी कतरन एकत्रित होने पर ही उप नियंत्रक द्वारा अवगत कराया...

जायेगा तथा सामग्री तत्काल उठानी होगी। रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके न उठाने की स्थिति में नियंत्रक द्वारा अनुबंध आदेश निरस्त किया जावेगा। शास्ति नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0 भोपाल द्वारा पृथक से अधिरोपित की जावेगी।

14. वर्ष 2017–18 की एकत्रित रद्दी कतरन एव रील कोर के खाली गुटके माह 30.8.2018 तक उठाना अनिवार्य है तथा संपूर्ण रूप से उठा ली गई है का प्रमाण–पत्र प्राप्त करना होगा ।

15 वर्ष 2018–19 की समस्त रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके दिनांक 31.3.2019 तक उठाना अनिवार्य है।

16. वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 की समस्त रद्दी कतरन तथा रील कोर के खाली गुटके उठाने का प्रमाण–पत्र कार्यालय उप नियंत्रक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर/रीवा, से प्राप्त होने पर और अनुबंध में दी गई शर्तों के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत न होने पर ही प्रतिभूति की धनराशि नियंत्रक की स्वीकृति उपरान्त वापिस की जावेगी अन्यथा शर्त क्रमांक–13 के उल्लंघन पर पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।

17. अनुबन्ध निष्पादित करने वाले ठेकेदार इस निविदा के अंतर्गत ठेका उप भाड़े पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका कोई भाग हस्तांतरित/अधिकृत नहीं करेगा और न ही अनुबंध के अधीन किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

18. निविदा का प्रेषण इस बात का प्रमाण समझा जावेगा कि निविदाकर्ता को निविदा में निबद्ध समस्त शर्ते और प्रतिबंध मान्य हैं। व्यवसाई द्वारा दी गई काउन्टर टर्म्स मान्य नहीं होगी।

19 पुरानी सुरक्षा निधि/प्रतिभूति राशि यदि इस कार्यालय में जमा हो तो वह इस निविदा के अंतर्गत मान्य नहीं होगी।

20 रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों की तौल, सफल निविदाकार को अपने मजदूर लगाकर अपने ट्रक में जहाँ है जैसी है को भरवाकर ट्रक की तौल समिति के सदस्यों की उपस्थिति में धर्मकांटे पर करवानी होगी। खाली ट्रक का वजन जिस धर्मकांटे पर किया जावेगा उसी धर्मकांटे पर भरे ट्रक का वजन किया जावेगा। भरे ट्रक के वजन से खाली ट्रक का वजन घटाने से प्राप्त रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों का वजन ही मान्य किया जायेगा।

21 ठेकेदार को रद्दी कतरन एवं सभी रील कोर के खाली गुटके जो मुद्रणालय में उपलब्ध होंगे जहाँ है, जैसे हैं उस हालत में उठाने होंगे। ट्रक जिस दिन आयेगा ,उसी दिन अनिवार्यतःबाहर जायेगा ,तथा ट्रक दिन में ही जायेंगे। रद्दी कतरन या रील कोर के खाली गुटकों को श्रेणीकरण करने या छँटाई आदि हेतु शासकीय मुद्रणालय का परिसर प्रयोग नही किया जायेगा ऐसा करने पर रूपये 10,000 (दस हजार रूपय) प्रतिदिन की पेनाल्टी (शास्ति) लगेगी एवं रद्दी फेलाए जाने की स्थिति में सफाई का उत्तरदायित्व संबंधित फर्म का ही होगा।

22. किसी भी परिस्थिति में समय वृद्धि नही की जायेगी ।

23. रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके के अतिरिक्त शासकीय मुद्रणालय की अन्य किसी भी वस्तु को हाथ नहीं लगाया जायेगा।

24. रद्दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके उठाने हेतु प्रतिदिन संबंधित कार्यालयों को सूचित कर अनुमति तथा पास लेना होगा।

25 प्रोसेसिंग फीस राशि रूपये 250/– एवं अन्य टेक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाइन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है एवं दरें कोड की जा सकती है।

**नोटः**–नियम एवं शर्तों की हार्डकॉपी पर सहमति स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार अपने हस्ताक्षर, रबर सील लगाकर इसे निविदा के साथ संलग्न करे।

**नियंत्रक,**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल।** 2/1/6/13

## शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर/रीवा के लिये

शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय इन्दौर/रीवा में एकत्रित रद्‌दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटके निर्धारित शर्तो पर निम्न विवरण तथा उनके समक्ष वर्णित दरों पर क्रय करने हेतु अपना आफर प्रस्तुत करने का विवरण पत्रक है।

| स.क्र | मुद्रणालय का नाम जहां से रद्‌दी कतरन एवं रील कोर के गुटके उठाना है। | रद्‌दी कतरन एवं रील कोर के खाली गुटकों की दर प्रति क्विंटल में |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, इन्दौर | 1– रद्‌दी कतरन<br>2– रील कोर के खाली गुटके |
| 2. | शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, रीवा | 1– रद्‌दी कतरन<br>2– रील कोर के खाली गुटके |